राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या–91/2024

राज्यपाल ने वीर कुँवर सिंह के 'विजय दिवस' के अवसर पर <u>उन्हें नमन किया</u>

पटना, 23 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुँवर सिंह के 'विजय दिवस' के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में वीर कुँवर सिंह आजादी पार्क, पटना में अवस्थित उनकी आदमकद अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अन्य लोगों ने भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....